

# बारिश से तबाही, गुस्साए ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे किया जाम

## तीन घंटे तक रुका रहा यातायात, घरों में पानी भरने से खाद्यान्न, बच्चों की मार्कशीट तक बह गई

नवभारत न्यूज

**सांईखेड़ा/ बम्होरी. 30 जुलाई. लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही का मंजर देखने को मिला। मंगलवार को आई तेज बारिश और बाढ़ से सिलवानी तहसील के ग्राम पड़रिया खुर्द में कई कच्चे मकान जमींदोज हो गए. नदी के उफान के चलते बाढ़ का पानी ग्रामीणों के घरों में घुस गया, जिससे ना केवल मकान क्षतिग्रस्त हुए बल्कि घरों में रखा खाद्यान्न, नगद राशि, महत्वपूर्ण दस्तावेज और बच्चों की मार्कशीट भी बह गई.**

**प्रशासन के खिलाफ नाराजगी:** प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही और समय पर मदद न मिलने के कारण उन्हें सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ा. बुधवार को स्टेट हाईवे-15 पर पड़रिया खुर्द चौराहे पर तीन घंटे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया गया. जाम के कारण यातायात पूरी तरह ठप रहा.

**बालिका को ग्रामीणों ने बचाया:** ग्राम निवासी वैशाली कुशवाहा की पुत्री बाढ़ में बहते-बहते बची. ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला. वहीं कमलाबाई और प्रहलाद कुशवाहा सहित अन्य ग्रामीणों को चोटें आई हैं. गांव में कच्चे और पक्के मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है.

**मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी:** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिलवानी एसडीएम पीसी शाक्य, तहसीलदार सुधीर शुक्ला, एसडीओपी अनिल मोर्या तथा बम्होरी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह राजपूत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. वहीं जनपद सीईओ नीलम रैकवार और नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह राजपूत ने भी ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया.



### ग्रामीणों ने की ये मांगें :

ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक प्रशासन मौके पर आकर सर्वे नहीं कराता और मुआवजा राशि की घोषणा नहीं होती, वे चक्काजाम नहीं हटाएंगे. उनका कहना है कि उनकी गृहस्थी पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है, और उन्हें तत्काल राहत और मुआवजा चाहिए.

### प्रशासन ने दिया भरोसा, तब जाकर खुला हाईवे

एसडीएम पीसी शाक्य ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें भरोसा दिलाया कि राजस्व नियमों के तहत धारा 6(4) के अंतर्गत तत्काल सर्वे कराया जाएगा और उचित मुआवजा राशि सीधे उनके खातों में भेजी जाएगी. प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया और यातायात पुनः बहाल हुआ.

## बारना बांध के सभी आठ गेट खोले, नदी- नाले उफान पर

**रायसेन, 30 जुलाई.** लगातार हुई बारिश से जिले के नदी-नाले उफान पर हैं, नर्मदा नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है. पिछले 24 घंटों से बारना बांध के सभी आठ गेट खोल कर 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. बरेली की निचली बस्ती होली चौक में पानी भर गया है वहां के रहवासियों को शिविर में स्थानांतरित किया गया है बेगमगंज,सिलवानी, उदयपुरा सहित पूरे जिले में राहत शिविरों में बाढ़ प्रभावित लोगों को ठहराया गया है. बाढ़ के कारण कई मार्ग बंद हो गए हैं. बरेली-छिंदवाड़ा मार्ग तेंदुई नदी के पुल पर पानी आने से बुधवार को भी बंद रहा. बाढ़ में फंसे मजदूरों को वन परिसर स्थित राहत शिविर में पहुंचाया गया है. कटनी जिले से धान लगाने आए लगभाग 50 मजदूर रायसेन के परवरिया में बाढ़ में फंस गए थे.

### कई मार्ग बंद, बाढ़ में फंसे मजदूरों को वन परिसर पहुंचाया



एसडीआरएफ प्रशासन और ग्रामीण ने मिलकर इन मजदूरों का बचाव किया और उन्हें शहर के वन परिसर पहनाया वहां नगर पालिका प्रशासन द्वारा भोजन के पैकेट और रहने की व्यवस्था व्यवस्था की गई. मजदूरों ने बताया कि वह धान लगाने कटनी से आए थे, लेकिन तेज बारिश के करण खेत में ही फंस गए थे.

## इंटकवेल पानी से घिरा, ट्यूबवेलों से होगी पेयजल सप्लाई

### लगातार बारिश से सेमरी नदी का जलस्तर बढ़ने से पेयजल सप्लाई ठप

**बेगमगंज, 30 जुलाई. नगरपालिका का जलापूर्ति केंद्र इंटकवेल चारों ओर पानी से घिरा हुआ है, जिससे नगर में जलापूर्ति व्यवस्था ठप हो गई. अब नगरपालिका ने ट्यूबवेलों से जल सप्लाई किए जाने की योजना बनाई है.**

नगरीय क्षेत्र के सभी 18 वार्डों में सेमरी नदी से पेयजलापूर्ति होती है लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ने से नगरपालिका का ग्राम सुमेर स्थित जलापूर्ति केंद्र इंटकबेल पानी से घिर गया है. जिससे पेयजलापूर्ति के लिए मोटर्स चालू करने वाले कर्मचारी का वहां तक पहुंचना असंभव हो गया है. ऐसी स्थिति में इंटकबेल से नगर की जल सप्लाई होना संभव नही होने पर नागरिकों को नगरपालिका का जल विभाग पेयजलापूर्ति करने में असमर्थ है क्योंकि ऐसी स्थिति में वहां तक पहुंचना संभव नहीं होने से व्यवस्था ठप्प हो गई है.

इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि जब तक इंटकवेल क्षेत्र में जलभराव की स्थिति है. तब तक नगर में स्थित 40-40 ट्यूबवेलों से जल सप्लाई की जाएगी, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो सके.



**निचली बस्तियों में पहुंचा प्रशासनिक अमला:** वहीं दूसरी ओर सेमरी नदी एवं बीना नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है.


नगर की निचली बस्ती टू में जल भराव के कारण प्रशासन लगातार डोर टू डोर संपर्क में लगा हुआ है एसडीएम सौरभ मिश्रा , तहसीलदार प्रमोद उइके , एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव एवं थानाप्रभारी राजीव उइके पुलिस बल एवं राजस्व विभाग की टीम के साथ माला फाटक , मंडी , मुकरबा पहुंचे और नागरिकों से अपील की कि सभी लोग अपने - अपने घरों से निकलकर राहत शिविरों में पहुंच जाएं, क्योंकि रात में पानी बढ़ने से खतरा बढ़ सकता है.

इस संबंध में तहसीलदार प्रमोद उइके ने बताया कि सभी अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे थे और वहां के नागरिकों को सचेत करते हुए तत्काल राहत शिविर में पहुंचने की समझाएं दी गई लेकिन लोग अपने घरों को छोड़ने को तैयार नहीं है जबकि जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है. सभी तरफ हाई अलर्ट कर दिया गया है.

# बिजली लाइन दुरुस्त करने जुटा अमला

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 30 जुलाई. मूसलाधार बारिश से बिजली के पोल टूटने,डीपी में पानी भरा जाने जैसी समस्याओं के चलते नगर की बिजली सप्लाई दो दिन से अस्त व्यस्त बनी हुई है. बिजली कार्यालय सिलवानी का अमला दिन रात लगातार अस्त व्यस्त लाइनों के सुधार कार्य में जुटा हुआ है ताकि सप्लाई को सुचारू किया जा सके.**



बिजली कंपनी के जेई मनीष अहिरवार ने बताया कि मूसलाधार बारिश में बिजली सप्लाई में व्यवधान आया है. डीपी में पानी भरा जाने, पोल गिरने से सप्लाई में बाधा आई है. बुधवार को थाना तिराहे पर 1 पेड़ बिजली लाइन पर गिर गया. जिससे लाइन टूट गई, और बिजली सप्लाई में अवरोध आया. यहां पर दिन भर ही सुधार कार्य किया गया. इसके अतिरिक्त राम मंदिर जमुनिया पुरा में 3पोल खड़े किए गए. कब्रिस्तान में डीपी का कार्य किया गया.लगातार हुई तेज बारिश से बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा है. सुधार कार्य लगातार किया जा रहा है.

# अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर निकाली रैली

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 30 जुलाई. अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को सामान्य मंडल औबेदुल्लागंज और रातापानी टाइगर रिजर्व फॉरेस्टअधिकारी वन अमले द्वारा जागरूकता रैली बरखेड़ा में निकाली गई.**




यह जनजागरुकता रैली वन परिक्षेत्र बरखेड़ा वन विभाग से शुरू की गई. जिसमें नो प्लास्टिक कैंपेन चलाया गया और आसपास के क्षेत्रों से पन्नी, प्लास्टिक एकत्रित कर वन अमले द्वारा इसकी होली जलाई. इस रैली में हेमंत रैकवार वन रेंज बिनेका, टीआर कुलस्ते और वन महकमे के अधिकारियों सहित वनकर्मी शामिल हुए.

# पूर्व जनपद अध्यक्ष पटेल प्रहलाद सिंह रघुवंशी का निधन

**सिलवानी, 30 जुलाई.** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व जनपद अध्यक्ष पटेल प्रहलाद सिंह रघुवंशी वर्धा का बुधवार को निधन हो गया. वह बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे. उनका अंतिम संस्कार वर्धा ग्राम में किया गया. वह अपने पीछे पुत्र धर्मेंद्र महेंद्र,नरेंद्र रघुवंशी का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए. उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए व श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की.




**म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
(म.प्र. शासन का उपक्रम)
कार्यालय उप महाप्रबंधक (एस.टी.सी./एस.टी.एम) संभाग, रायसेन
पाटनदेव सागर रोड रायसेन (म.प्र.)- 464551, ई-मेल : raisenstc@gmail.com
प्रकाश एवं विकास
क्र./उ.म.प्र/एस.टी.सी./सं./2025-26/701 रायसेन, दिनांक : 30.07.2025

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

E-tender is invited from eligible electrical contractors who are registered under relevant category through "ANUBANDH" portal of MPMKVVCL, for the following electrical work.

| NIT No. & Date | Particulars | Approx. Value (Rs. Lakh) | Tender Doc. fees (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 697/01 Dated 30.07.2025 | Providing 08 Nos. House Holds Connection in village Chainpur under DA-Juga Scheme under Silwani D/c of O&M Dn. Raisen | 2.37 | 590/- |
| 697/02 Dated 30.07.2025 | Providing 12 Nos. House Holds Connection in village Gaganwada Kala under DA-Juga Scheme under Silwani D/c of O&M Dn. Raisen | 2.82 | 590/- |
| 697/03 Dated 30.07.2025 | Providing 13 Nos. House Holds Connection in village Fulmar under DA-Juga Scheme under Silwani D/c of O&M Dn. Raisen | 2.44 | 590/- |
| 697/04 Dated 30.07.2025 | Providing 09 Nos. House Holds Connection in village Pipaliya khas under DA-Juga Scheme under Silwani D/c of O&M Dn. Raisen | 2.61 | 590/- |
| 697/05 Dated 29.07.2025 | Providing 07 Nos. House Holds Connection in village Sarra under DA-Juga Scheme under Silwani D/c of O&M Dn. Raisen | 2.44 | 590/- |

**Date of sale of Bid documents : 30.07.2025, 18.00 Hrs. Up to 05.08.2025, 12.30 Hrs.**
**Bid Submission Last Date : 05.08.2025 Up to 12.30 Hrs.**
**Bid opening Date : 06.08.2025 at 13.00 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121338/2025 **DGM (STC-STM)**




# मूंग तुलाई में मनमानी, किसानों ने किया चक्का जाम

नवभारत न्यूज

**सांईखेड़ा, 30 जुलाई. महाकाल वेयरहाउस में मूंग की तुलाई को लेकर हो रही अनियमितताओं से आक्रोशित किसानों का गुस्सा बुधवार शाम को फूट पड़ा. नाराज किसानों ने साईंखेड़ा के पास स्टेट हाईवे 15 पर चक्का जाम कर दिया. किसानों ने वेयरहाउस प्रबंधन और समिति प्रबंधक पर मनमानी करने और व्यापारियों को अनुचित लाभ पहुँचाने के गंभीर आरोप लगाए हैं.**

किसानों ने बताया कि 22, 24 और 25 जुलाई की बुक स्लॉट के तहत जिनकी मूंग एफएक्यू श्रेणी में पास हो चुकी थी, उनकी तुलाई मंगलवार को बारिश का हवाला देकर रोक दी गई. जबकि उसी रात व्यापारियों का लगभग 1000 क्विंटल मूंग तौला गया. 10 दिन से इंतजार कर रहे किसानों का कहना है कि वे बीते दस दिनों से ट्रैक्टर-ट्रॉली में अपनी उपज लेकर वेयरहाउस के बाहर बारिश में खड़े हैं. अब वेयरहाउस प्रबंधन उन्हें मूंग वापस ले जाने या किसी अन्य स्थान पर जमा करने को कह रहा है. इससे नाराज होकर किसानों ने दिन बुधवार को शाम करीब 4 बजे से लगभग दो घंटे स्टेट हाईवे 15 पर चक्का जाम कर दिया जिससे मार्ग पर आवागमन घंटों बाधित रहा.

किसान विवेक रघुवंशी ने बताया कि हम लोग यहां मूंग तुलाई को लेकर 8 दिन से ट्रैक्टर ट्राली लेकर खड़े हैं, सर्वेयर द्वारा हमारी मूंग को एफक्यू कर पास कर दिया गया है हमारे बाद जो अन्य व्यापारी आए थे उनके मूंग को तौल दिया गया है, हम किसानों की मूंग को नहीं तौला जा रहा है.

### इनका कहना है ...

किसानों ने महाकाल वेयरहाउस में मूंग तुलाई को लेकर चक्का जाम किया है. मौके पर तत्काल नायब तहसीलदार को भेजा है, जांच के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जायेगी.

**-पीसी शाक्य, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिलवानी**

# नपा ने की गरीब परिवारों के लिए भोजन व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 30 जुलाई. पिछले 48 घण्टे से हो रही तेज वर्षा से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है. कई जगह जलजमाव होने से प्रभावित लोगों को खाने -पीने के लाले पड़ गए हैं. ऐसी स्थिति में नगरपालिका परिषद कर द्वारा पीड़ितों की सहायता का बीड़ा उठाया गया है.**



अतिवृष्टि होने से नगर की निचली बस्तियों में चुरक्का ईश्वर नगर , रामनगर श्याम नगर, दशहरा मैदान इत्यादि में प्रभावित को परेशान देखकर नगरपालिका अध्यक्ष संदीप लोधी,उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह ठाकुर,मंडल अध्यक्ष एवं निर्माण सभापति अजय जाट,वार्ड पार्षद गुलाब रजक, पार्षद प्रतिनिधि महेश साहू एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा द्वारा नपाकर्मियों की टीम के साथ 4 स्थानों वार्ड क्रमांक 3, 4,13,17 में वार्डो का भ्रमण कर अति वर्षा के बाद ,पानी की निकासी हेतु साफ -सफाई सफाईकर्मियों से कराई गई एवं ऐसे मकान का भ्रमण किया जो भारी बारिश के कारण प्रभावित हुए लोगों को नपाध्यक्ष संदीप लोधी ने आश्वस्त किया कि उनको नगरपालिका परिषद् बेगमगंज द्वारा यथासंभव मदद सुनिश्चित की जाएगी.

**बेहाल हाईवे** | **सागर- भोपाल स्टेट हाईवे पर जानलेवा गड्ढों में वाहन चलना मुश्किल**

# करोड़ों की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे, फंस रहे ट्रकों के पहिए

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 30 जुलाई. वर्ष 2016 में 35 करोड़ की लागत से बनाया गया सागर- भोपाल स्टेट हाईवे बनने के दो-तीन साल बाद ही उखड़ना शुरू हो गया था.**

बारिश के इस मौसम में सड़क बदहाल हो गई है. रायसेन से नरवर तक स्टेट हाईवे की इस सड़क की लंबाई 21 किमी है. जिसमें करीब 2 हजार छोटे-बड़े गड्ढे उभर चुके हैं. सैकड़ों गड्ढे इतने खतरनाक हैं कि किसी की जान तक जा सकती है.



सागर भोपाल स्टेट हाइवे राज्य सरकार ने साल 2016 में करीब 35.88 करोड़ रुपए से बनवाया था. लेकिन रख रखाव नहीं होने के कारण अवधि खत्म होने से पहले ही पूरी सड़क खत्म हो चुकी है. हर दिन जाम, गड्ढों में फंसे हुए वाहन और हादसों के खतरे की वजह से लोगों ने अब कार, बाइक से इस सड़क पर चलना बंद कर दिया है. गड्ढों में मालवाहक वाहनों के पहिए फंस रहे हैं.



मीडियाकर्मियों की टीम ने जब सागर भोपाल रायसेन स्टेट हाईवे का जायजा लिया. इस सड़क की नरवर तक लंबाई 21 किमी है. जिसमें 2 हजार छोटे-बड़े गड्ढे हैं.

### इनका कहना है ....

जल्द ही गड्ढों में तब्दील हुई फोरलेन सड़क चौड़ीकरण में पेंचवर्क कराया जाकर सुधार कार्य किया जाएगा .चिंता की कोई बात नहीं है.

**- बीके सूत्रकार, ईई पीडब्ल्यूडी रायसेन**